नवदुनिया भोपाल, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025

# मप्र की दिलजोत, गुरबानी और पूनम ने जीता कांस्य पदक

## मुकाबला ● वियतनाम में आयोजित हो रही एशियन रोइंग चैंपियनशिप

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वियतनाम के हे फोंग में आयोजित सीनियर एशियन रोइंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। रविवार को भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता। भारत की आठ सदस्यीय टीम में मप्र अकादमी की दिलजोत कौर, गुरबानी कौर और पूनम शामिल थी। दिलजोत कौर व गुरबानी ने शनिवार को एक रजत पदक जीता था। भारतीय दल इस चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण, पांच रजत व दो कांस्य सहित कुल दस पदक जीत चुका है। रविवार को महिलाओं के वुमन-8 इवेंट में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक




एशियन रोइंग चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य। ● सौजन्यः आयोजक

जीता। भारतीय टीम में मप्र की गुरबानी कौर, दिलजोत कौर व पूनम शामिल थे। इसके अलावा टीम में सुमन देवी, एलेना एंटो, किरण, हुबीजाम तेंडेमथोई देवी, अवस्थी पीबी व किरण सिंह शामिल थी। इससे पहले मप्र की गुरबानी कौर व दिलजोत कौर ने शनिवार को लाइटवेट महिला पेयर (एलडब्ल्यू 2) में रजत पदक जीता था। मप्र के यह सभी खिलाड़ी मप्र राज्य रोइंग अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन दलवीर सिंह राठौर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।